## खबर संक्षेप

### कटरा अस्पताल में फायर सिलेंडर का डेमो आज



**मण्डला।** अग्नि दुर्घटना की विभीषिका को भांपते हुए बालाजी एसोसिएट्स एवं कटरा अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में कुशल प्रशिक्षित वालेंटियर्स द्वारा आज सोमवार को फायर सिलेंडर का प्रदर्शन किया जाएगा। डेमो की कड़ी में दुर्घटना की अवस्था पर बचाव का सुगम व वैज्ञानिक विधि पर बारीकी से जानकारी दी जाएगी। कटरा अस्पताल के डायरेक्टर फादर वर्गिस ने बताया कि इस जनहितकारी कैम्प में सभी शासकीय व अशासकीय चिकित्सा संस्थाऐं कटरा अस्पताल में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकती हैं। इस कार्यक्रम को जनहित में निःशुल्क प्रदर्शित किया जाएगा। कुशल अनुभवी प्रशिक्षण प्राप्त इंजीनियरिंग एवं मेडिकल का संयुक्त दस्ता इस प्रशिक्षण को कार्य रूप में परिणित करेगा। फादर वर्गिस ने बताया कि इस जनहितकारी कैम्प प्रातः 9.30 पर आयोजित किया जाएगा। जिसे अलग अलग चरणों में प्रदर्शित किया जाएगा। फादर ने जानकारी देते हुए कहा कि गरीब व अत्यावश्यक व्यक्ति को चिन्हित कर संस्था नर सेवा ही नारायण सेवा का मूलमंत्र सार्थक करती है।

### चकोर तट घाट की सफाई व हनुमान चलीसा का आयोजन

**नैनपुर।** नगरपालिका परिषद नैनपुर के द्वारा 16 जून के सुबह जल गंगा संर्वधन अभियान के अंतर्गत चकोर नदी घाट की साफ सफाई की गई। इस अवसर पर सीएमओ एल एस सारस , नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णा पंजवानी, पार्षद निशा चंद्रौल, लक्ष्मी परते , अंकिता शर्मा, राजा राम शर्मा, शुनील विश्वकर्मा, प्रदीप मिश्रा, मुकेश पांडे, दिनेश रजक, कुलदीप डोंगरे, अंकित शर्मा, देवेन्द्र मिश्रा, ओमप्रकाश गेमनानी, राम विलास नाथ, सुनील जघेला, ओमप्रकाश सोनी सहित नगरपालिका कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने चकोर नदी घाट की सफाई की। कार्यक्रम के दूसरे चरण में शाम 7 बजे चकोर नदी स्थित बाल स्वरूप चकोर तट हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ महा आरती की गई। इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### अचानक चली तेज हवाएं, पेड़ गिरने से मार्ग अवरुद्ध

**मण्डला।** रविवार की दिन भर बादल छाए रहे इसके बाद भी गर्मी से राहत नहीं मिली। अधिकतम तापमान 40.2 डिसे दर्ज किया गया। जिले के कुछ क्षेत्र में शाम को हवा तूफान के साथ बारिश भी हुई है। बबलिया के समीप मंडला-निवास मुख्य मार्ग में कुछ पेड़ गिरने से मार्ग भी कुछ समय के लिए अवरुद्ध हुआ। विभाग ने मार्ग के पेड़ का हटवा कर आवागमन चालू कराया। अन्य स्थानो में भी पेड़ व पेड़ की टहनियों के गिरने से बिजली लाइन भी टूटने की खबर है। कुछ गांव में शाम से रात तक बिजली गुल रही। विद्युत विभाग के कर्मचारी सुधार कार्य में लगे रहे।

### सिंह वाहिनी वार्ड और कबीर चौक में बिक रही कच्ची शराब

**मण्डला।** सिंहवाहिनी वार्ड में कच्ची शराब का विक्रय खुलेआम हो रहा है लेकिन यहां पर शासन प्रशासन द्वारा कोई परिणाम कारी कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस सबंध में लगातार शिकायत की जा रही है व समाचार प्रकाशित कर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षण कराया जा रहा है फिर भी उचित कार्रवाई नहीं हो रही। इसी तरह कबीर चौक में भी बेखौफ होकर कच्ची शराब का विक्रय किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि सिंहवाहिनी वार्ड में कच्ची जहरीली शराब पीने की वजह से 4 से 5 लोगों की मौत हो चुकी है।

## अधूरी नाली निर्माण से परेशानी वंशिदे

# थोड़ी सी बारिश में लबालब हो जाता है मार्ग, दुकानों, घरों में घुसता है नालियों का पानी

मण्डला

चार साल में भी 400 मीटर की पक्की नाली का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। जिसके चलते आने वाले बारिश के मौसम में भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। जनपद मुख्यालय मवई में बस स्टेंड के पास मुख्य मार्ग में पानी निकासी की व्यवस्था न होने की वजह से बारिश का पानी मुख्य मार्ग में भर जाता है। 15 मिनिट की बारिश में ही मुख्य मार्ग से चलना मुश्किल हो जाता है। मुख्य मार्ग में स्थित दुकान और घरों में पानी भर जाता है। ये समस्या वर्षो से बनी हुई है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने अनेक बार अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। समस्या निराकरण के लिए पूर्व जनपद सदस्य मवई ने पहल करते हुए नाली निर्माण कार्य को स्वीकृत कराया, लेकिन आज दिनांक तक नाली निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका है।

जानकारी अनुसार पूर्व जनपद सदस्य मवई ने इस जन समस्या को देखते हुए बस स्टेंड से 400 मीटर मुख्य मार्ग में जनपद परफार्मेंस अंतर्गत 15 वित्त मद से 10 लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण कार्य स्वीकृत कराया गया था। जिसका कार्य एजेंसी ग्राम पंचायत मवई को बना कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया, जो लगभग 30 से 40 मीटर नाली बन भी गई। लेकिन फिर चुनाव और नए प्रतिनिधियों ने कार्यभार संभाला जिसके बाद निर्माण कार्य रुक गए। फिर दोबारा बारिश के पूर्व स्थानीय जनों ने



जल निकासी के लिए नाली निर्माण कराए जाने की मांग उठाई जाने लगी तो एक बार उक्त नाली निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। लगभग 150 मीटर नाली निर्माण और हुआ इस 150 मीटर नाली निर्माण में न किसी प्रकार का माप देखा गया न किसी प्रकार से इस बात का ध्यान दिया गया की इस नाली से जल की निकासी कराना है।

### जमा हो रहा पानी, फैल रही गंदगी

नाली के नीचे भाग में आवश्यकता से अधिक गहराई कर दी गई। नतीजा ये हुआ की बारह महीने इस नाली में पानी का भराव बना रहता है। अब तो इतनी गंदी दूर्गंध आने लगी है की नाली के आस-पास के घरों और दुकान में रहने वालो का रहना मुश्किल हो गया है। एक तरफ केंद्र एवं राज्य सरकार स्वच्छता को लेकर नित्य नए आदेश एवं योजना निकाल रही है। वही दूसरी तरफ ग्राम पंचायत मवई बारिश के पानी निकासी के स्थान में लोगो के घर से निकलने वाले पानी को नाली में ही रोक दिया। जिससे अत्यधिक गंदगी, दुर्गंध एवं मच्छर, कीड़े पनपने लगे और बीमारियों को दावत दे रहे हैं। स्थानीय जनों ने इस समस्या से कई बार ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों को अवगत करा चुके हैं। लेकिन ग्राम पंचायत मवई के जिम्मेदारों को लोगो की समस्या से कोई सरोकार नहीं है।

### असहनीय दुर्गंध से परेशानी :

नाली में पानी के बहाव रुकने से आ रही लगातार दुर्गंध से जन जीवन प्रभावित हो गया है। 10 मिनिट नाली के पास रुकना दुभर हो गया है। ऐसे नाली से लगे घरों में रहना और नाली के पास स्थित दुकानों में ग्राहक जाने से कतरा रहे हैं। ऐसे में जहां खासी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी तरफ नाली के पास के दुकानों के व्यापार में काफी फर्क पड़ रहा लोगो ने मवई पंचायत के जिम्मेदारों से बार बार नाली ठीक कराने के गुहार लगाते थक गए तो अब लोगो का कहना इस नाली में मुर्रम पाट कर नाली ही बंद कर दें जिससे इस असहनी दुर्गंध से छुटकारा मिल सके। नाली निर्माण के नाम से पूर्व में ही पंचायत ने राशि का आहरण कर लिया और नाली अधूरी है। जिसकी शिकायत विगत वर्ष की गई थी। जिस पर जनपद पंचायत मवई द्वारा जांच दल बनाकर शिकायत की जांच की। जांच में लाखों का भ्रष्टाचार पाया गया।

### विकास की दौड़ में आज भी पीछे :

विकास के नाम पर शासकीय राशि की जमकर होली खेली जा रही है। नाली निर्माण के लिए स्वीकृत राशि से चार वर्ष में नाली निर्माण ना हो पाना प्रशासन पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। लोगों का कहना है कि स्वीकृत राशि से नाली निर्माण नहीं किया गया है, तो स्वीकृत शासकीय कहां गई। इस गड़बड़झाला को झुलजाने में स्थानीय प्रशासन दिलचस्पी नहीं ले रहा है। मिली भगत के चलते शासकीय राशि का का बंदरबांट कर लिया गया है। वनांचल मवई क्षेत्र का विकास यहां कागजों में हो रहा है। जिसके कारण मवई आज भी पिछड़ा हुआ है।

## ट्राला और कंटेनर की आमने सामने भिंडत, एक की मौत





**मण्डला।** जिले में लगातार सड़क हादसे की खबर सामने आ रही हैं। नेशनल हाईवे 30 भी एक्सीडेंटल जोन बनते जा रहा है। एनएच 30 में जगह जगह हादसे हो रहे है। गुणवत्ताविहीन सड़क के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। जिसमें असमय लोग अपनी जान गवा रहे है। जल्द ही एनएच 30 का सुधारीकरण ना किया गया तो हादसे पर ब्रेक लग पाना मुश्किल लग रहा है।

जानकारी अनुसार नेशनल हाइवे 30 के टिकरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भावल और सहजनी के बीच एक ट्राला ओर कंटेनर की आमने सामने टक्कर हो गई हैं। उक्त घटना में कंटेनर चालक की मौत हो गई जबकि ट्राला चालक परिचालक घटना के बाद मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही 100 डायल से पायलट राजकुमार विश्वकर्मा, आरक्षक प्रशांत बघेल मौके पर पहुंचे और वाहन को कब्जे में लिया हैं। वही स्थानीय पुलिस घटना की जांच कर रही है। मृतक का पीएम कराकर शव परिजनों को सौप दिया गया हैं।

## आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत बारिश होने से महुआ के पेड़ नीचे था मृतक

**मण्डला।** ग्राम सर्रा पिपरिया और ग्राम दोनी के बीच अमरसिंह सिगराम 45 वर्ष अपने खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान दोपहर करीब 03 बजे अचानक मौसम बदला और बारिश होने लगी। बारिश से बचने के लिए अमर सिंह खेत में लगे एक महुआ के पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। उसी समय बारिश के साथ आकाशीय बिजली गरज, चमक के साथ पेड़ के पास गिर गई। अमर सिंह खेत में अकेले ही काम कर रहा था, इसलिए उस दौरान वहां उसके अलावा और कोई नहीं थी। बताया गया कि आकाशीय बिजली की चपेट में आने से अमर सिंह की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। काफी देर तक मृतक अमर सिंह वहीं पड़ा रहा। शाम करीब 06 बजे के आसपास वहां से एक बकरी चराने वाला गुजरा,



जिसकी नजर मृतक अमर सिंह पर पड़ी। जिसकी जानकारी उसने गांव वालो को दी। ग्राम के लोगों ने खबर लगते ही घटना स्थल पहुंचे, जहां से तत्काल 108 एम्बुलेंस और डायल 100 को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 और डायल 100 मौके पर पहुंची। जहां मौका स्थल की जांच कर मृतक के शव को नैनपुर अस्पताल ले जाया गया। बताया गया कि घटना दोपहर की है, जिसकी जानकारी शाम करीब 06 बजे ग्रामीणों और परिजनों को लगी थी। इसके बाद ही मौके पर पुलिस पहुंची। काफी देर हो जाने के कारण मृतक का पीएम रविवार को नहीं कराया जा सका। आज सोमवार को मृतक का पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## शासकीय योजना के पोर्टल बंद, हितग्राही बीते 7 माह से कार्यालयों के चक्कर लगा रहे

सिवनी

मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव से सभी शासकीय योजना के पोर्टल बंद है या पूरी तरह कार्य नही कर रहें है, ये हाल डिजिटल इंडिया का नारा देने वालो की सरकार में है। हित ग्राही बीते 7 माह से कार्यालयों के चक्कर लगा रहें है नगरपालिका में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, सम्रग आईडी, सम्पति आईडी, सामाजिक न्याय पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, खादय पर्ची, तकनीकि स्वीकृति आदि के पोर्टल बंद होने से पूरी तरह कार्य नही करने से अनेको कार्य ठप्प पड़ गये है। ऐसा बताया जा रहा है कि यह सब कार्य प्रदेश सरकार द्वारा किसी निजी कम्पनी को दिया गया था, उस कम्पनी को सरकार द्वारा कार्यो का भुगतान नही किया गया, इसलिए कम्पनी यह सेवा नही दे पा रही है यह भी कहा जा रहा है किसी दूसरी कम्पनी को कार्य दे दिया गया है पूरी तरह ऑनलाईन कार्य होने से प्रत्येक व्यक्ति कार्यालयों के चक्कर लगा रहें है, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र में जन्म मृत्यु का पंजीयन का पूरा फार्म भरने पर भी अमान्य प्रदर्शित होता है, पुराने हस्त लिखित जन्म प्रमाण पत्र जिन्हें डिजिटल किया जाना है वह भी फार्म भरने पर अमान्य फार्म का मैसेज प्रदर्शित हो रहा है। बहुत से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र का पंजीयन पूर्व में हो चुका है किन्तु उन्हें सर्च करने पर पोर्टल प्रदर्शित नही कर रहा है। पोर्टल में बहुत गलतीयॉ हो रही है। मोदी जी देश में 80 करोड़ लोगो को मुफ्त भोजन देने की बात कर रहें है बीते 7 माह से लोगो को खादय पर्ची नही मिल पा रही है। सामाजिक न्याय पेंशन भी समय पर हितग्राहियों को प्राप्त नही हो पा रही है।जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजिक अकील ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि प्रदेश में मोहन यादव सरकार पूरी तरह विफल हो गई है आम लोगो की छोटी छोटी समस्या यह सरकार हल नही कर पा रही है पोर्टल को लेकर अनेक शिकायत की गई है किन्तु सरकार सत्ता के नशे मे चूर है किसी प्रकार की कोई सुनवाई नही हो रही है जिन लोगो के कार्य पोर्टल कार्य नही करने के कारण नही हो पा रहें है वे अपना गुस्सा संबंधित कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारियों पर उतार रहें है। कितने दिनों तक प्रदेश के लोगो को इस समस्या से जूझना पडेग़ा, इस बात का जवाब सरकार में बैठे जिम्मेदार लोगो के पास अभी तक नही है।

## जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुई विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा

सिवनी

15 जून 24/ अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होने वाली संभाग स्तरीय बैठक के परिपालन में शनिवार 15 जून को प्रभारी कलेक्टर श्री नवजीवन विजय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधायक सिवनी श्री दिनेश राय, विधायक बरघाट श्री कमल मर्सकोले, विधायक केवलारी श्री रजनीश ठाकुर सहित सम्बन्धित विभाग के कार्यालय प्रमुख की उपस्थिति रही।

बैठक में पूर्व बैठक के पालन बैठक की समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा बिजली आपूर्ति से सम्बंधित शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश एमपीईबी के अधिकारियों को दिए गए। इसी तरह जिलें में खाद- बीज की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए। बैठक में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, गेंहू उपार्जन तथा किसानों के भुगतान की स्थिति की समीक्षा की गई।

जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्रामवार पेयजल आपूर्ति की स्थिति के सम्बंध में जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्रामवार बताई गई समस्या को तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये गए। इसी तरह सभी निकाय के अधिकारियों को बारिश के पूर्व सभी नाले-नालियों की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये।

बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। प्रभारी कलेक्टर श्री नवजीवन विजय ने अवगत कराया कि जिलें में मनरेगा अभियान अंतर्गत ग्रामवार खेत तालाबों का लक्ष्य निर्धारित कर किसानों की भूमि में तालाब बनाने का कार्य किया जा रहा हैं। जिससे किसान को सिंचाई की सुविधा मिलेगी साथ ही जल संरक्षण होगा। इसी तरह वृहद सामुदायिक तालाब बनाने का कार्य भी जिलें में जारी हैं। उन्होंने वृक्षारोपण को लेकर जिलें की कार्ययोजना की भी विस्तृत जानकारी दी।

## वर्ष 2024 में अब तक 337 मोबाईल हुए ट्रेस सायबर नोडल थाना में गुम मोबाइल के लिए टीम गठित




**मण्डला।** वर्तमान समय में मोबाइल किसी भी व्यक्ति के जीवन का महत्वपूर्ण भाग है, ऐसे में यदि मोबाइल खो जाता है तो व्यक्ति को विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मोबाइल आवेदकों की परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक द्वारा सायबर नोडल थाना में गुम मोबाइल की दस्तयाबी के लिए टीम का गठन कर शिकायतों पर शीघ्र कार्यवाही कर मोबाइल दस्तयाबी के लिए निर्देशित किया गया है।

सायबर नोडल थाना कोतवाली की मोबाइल रिकवरी टीम ने कार्यवाही के दौरान विगत 1 माह में विभिन्न जिलों में समन्वय स्थापित कर कोतवाली थाना क्षेत्र की शिकायतों में 35 मोबाइल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त हुई है। जिन्हें कोतवाली थाना द्वारा मालिकों को सौंपें गये। थाना में प्राप्त शिकायतों में थाने द्वारा प्रार्थियों को मोबाईल प्रदान किये गये। बताया गया कि मंडला पुलिस द्वारा वर्ष 2024 में समय समय पर सायबर नोडल थाना के माध्यम से अभियान चलाकर थाना कोतवाली क्षेत्र के अब तक 117 मोबाईल एवं जिले के समस्त थानो की शिकायतो में समन्वय स्थापित कर कुल 337 मोबाईल ट्रेस कर उनके वास्तविक धारक को सौपे गये।

### इनकी रही विशेष भूमिका :

उक्त कार्यवाही में एसडीओपी मंडला के नेतृत्व में



सायबर नोडल थाना प्रभारी निरीक्षक शफीक खान, प्रधान आरक्षक पुरन ईडपांचे, रवीन्द्र, आरक्षक अमित, रमेश, संतराम सायबर नोडल थाना से पुनीत जंघेला, अंकित ठाकर, धीरेन्द्र, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक हिमांशु चौहान शामिल रहे।

## मंडला पुलिस के 381 जवानों ने किया नाईट कॉबिंग गश्त



**मण्डला।** विगत 15 व 16 जून की दरमियानी रात पूरे प्रदेश में नाईट कांबिग ऑपरेशन चलाया गया। जिसके अंतर्गत जिले में भी टीम बनाकर कार्रवाई की गई। इस ऑपरेशन में सभी अनुभागों के एसडीओपी मार्गदशर्न में नाईट कांबिंग चलाया गया। रात्रि गश्त के दौरान 34 से ज्यादा वारंटों की तामील की गई, जिसमें लंबे समय से फरार 04 आरोपी को गिरफ्तार किया गया। जिसमें 01 ईनामी बदमाश, 02 वांछित बदमाश शामिल रहे। गुंडा बदमाश व निगरानी बदमाशों को भी चैक किया गया। क्षेत्र के अपराधिक प्रवृत्ति के जिलाबदर बदमाशों सहित कई गुंडे, बदमाशों को भी गया चेक किया गया। जानकारी अनुसार जिले में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण के लिए पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार प्रदेश व्यापी कांबिग गस्त के अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक मंडला की अगुवाई में मंडला जिले के सभी अनुभागों में एसडीओपी के नेतृत्व में 15-16 जून की दरमियानी रात से सुबह तक मंडला जिले के सभी अनुभागों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में सभी अनुभागों के एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों सहित जिले के पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों ने सभी थाना क्षेत्रों में वारंटियों व फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए नाईट कांबिग आपरेशन चलाया।

बताया गया कि इस दौरान पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा स्वयं अनुविभाग मंडला के समस्त थाना प्रभारी, रक्षित निरीक्षक एवं पुलिस बल की ब्रीफिंग कर कॉम्बिंग गस्त के लिए रवाना किया गया। जिले भर की कार्यवाही करते हुए कांबिग में शामिल 381 पुलिस जवानों द्वारा असामाजिक तत्वों की निगरानी करते हुए हिस्ट्री शीटर गुंडा बदमाशों, असामाजिक तत्वों एवं जिलाबदर को चैक किया गया। रात्रि गश्त के दौरान विभिन्न प्रकरणों में फरार 34 से ज्यादा वारंटों को तामील कराया गया। जिसमें 4 स्थायी वारंटी भी शामिल हैं। पुलिस टीम द्वारा लंबे समय से फरार 04 आरोपियों, 03 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें 01 ईनामी बदमाश भी शामिल हैं। अभियान के दौरान 15 गुंडा बदमाश व 18 निगरानी बदमाशों को चेक किया गया।

## सर्पदंश की घटना को मप्र मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान में

मण्डला।

मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने मानव अधिकार उल्लंघन के 11 मामलो में संज्ञान लेकर संबंधितों से जवाब मांगा है। जिसमें मंडला जिले के 3 मामले हैं। कार्यालय प्रभारी मप्र मानव अधिकार आयोग मित्र, शिकायत प्रकोष्ठ शाखा मंडला के वरूण विकास नीखर बताया कि नवभारत मंडला में प्रकाशित 'सांप के काटने से युवती की मौत खबर को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर से जांच कराकर इस संबंध में की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

जबलपुर जिले के पाटन क्षेत्र के मनखेड़ी गांव के खेत में काम रही एक युवती को सांप के काटने से मृत्यु होने की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार युवती खेत में काम रही थी, तभी अचानक जहरीले सांप ने युवती के हाथ में डंस दिया। घटना के बाद युवती को गंभीर हालत में पास के स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। जहां युवती की गंभीर हालत देखते हुये उसे जबलपुर के अस्पताल में रेफर किया गया। जहां युवती की हालत में सुधार देख परिजन उसे वापस गांव ले जाये, लेकिन गांव आते ही युवती की हालत खराब हो गई और युवती की मृत्यु हो गई। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने कलेक्टर मंडला से मामले की जांच कराकर मृतका के वैध उत्तराधिकारियों को शासन की योजना, नियमानुसार देय आर्थिक मुआवजा राशि के संबंध में प्रतिवेदन एक माह में माह में मांगा है।

**विद्यालय से नदारह रहता है शिक्षक, शराब के नशे में घूम रहा** :मंडला जिले के नैनपुर विकासखंड अंतर्गत हाईस्कूल घटेरी में पदस्थ एक शिक्षक द्वारा नशे ही हालत में विद्यालय आने की और अपनी उपस्थिति स्कूल में न देकर संकुल केंद्र चिरईडोरी में देने का मामला सामने आया है। इसकी सूचना संबंधित विद्यालय द्वारा बीईओ एवं संकुल केंद्र में दी जा चुकी है, लेकिन अब तक शिक्षक पर कोई ठोस कार्रवाई नही हो पाई है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि विद्यालय में पदस्थ शिक्षक अक्सर शाला में शराब के नशे में रहते है। इस कारण अध्यापन करने वाले छात्र-छात्रों की पढ़ाई एवं शिक्षा प्रभावित होती है। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदशे मानव अधिकार आयोग ने कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी, मंडला से मामले की जांच कराकर सभी परस्थितियों के संबंध में की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

## खबर संक्षेप

### पंचायतों में भाई भतीजावाद के चलते सरकारी योजनाएं हो रही फेल

**सांईखेड़ा।** इस समय देखा जा रहा है कि सरकार द्वारा गरीबों के हितों का ध्यान रखते हुए अनेक प्रकार की योजनाएं चला रही है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री आवास व केन्द्र सरकार प्रधान मंत्री आवास योजना तथ पूर्व से संचालित इंदिरा आवास योजनाएं शामिल है। मगर इन योजनाओं को चलते जनपद पंचायतों के द्वारा ग्राम पंचायतों के माध्यम से काफी समय से संचालित की जा रही है, परंतु इसके बाद भी आज इसके वास्तविक हकदार इन योजनाओं का लाभ पाने से वंचित नजर आ रहे हैं? यह योजना विगत काफी समय से संचालित की जा रही है, यदि इसका सही क्रियान्वयन होता तो लगभग हर ग्राम पंचायत में गरीबों को आवास मिल चुका होता, परंतु आँकड़ों की जादूगरी में यह योजना ऐंसी गुम हुई कि इसके वास्तविक हकदार आज भी परेशान हैं? और योजना के आँकड़े हजारों के लाभान्वित हो जाने की जानकारी दे रहे हैं?

### सांईखेडा में नही रूक रहा शराब का अवैध कारोबार

**सांईखेडा।** भले ही इस समय जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा मादक पदार्थो के अवैध कारोबार को लगतार मुहिम चलाते हुये कार्यवाही की बात कही जा रही है। वही दूसरी ओर मादक पदार्थो के अवैध कारोबार के खिलाफ जिले के सभी थाना प्रभारियों को अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही करने के सख्त आदेश जारी किये गये है जिसके चलते कुछ दिनों पहले पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही के चलते शराब के अवैध कारोबार पर कुछ हद तक अंकुश लगा हुआ दिखाई देने लगा था। मगर इस समय देखा जा रहा है कि व सांईखेडा व सालीचौका क्षेत्र में पुलिस की उदासीनता कही जावे या फिर मिली भगत के चलते प्रदान किये जाने वाले अभयदान के चलते क्षेत्र में अवैध शराब सहित अन्य मादक पदार्थो का कारोबार फिर चरम पर पहुंचते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहा है?

### प्रशासन की अनदेखी दे सकती है बड़ी घटना को अंजाम

**गाडरवारा।** शासन प्रशासन हर वर्ष वृक्षारोपण अभियान के नाम पर लाखों रूपए पानी की तरह बहाया जाता है। वही कुछ संस्थाएँ ऐसी भी है जो शहर मे विशिष्ट राजनीतिक हस्तियों की आगमन की खबर से हरकत मे आकर प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर वृक्षारोपण प्रयास करती है, लेकिन हकीकत है कि पूर्व मे शहर मे लगाये गए वृक्षों की हिफाजत करने मे कोताही बरती गयी है, जिसका परिणाम है कि हाल के वर्षो मे लगायें गए बहुत सें वृक्ष सूख गए है तथा हरियाली को लेकर शासन की मंशा पूरी होते हुए कही दिखाई नही दे रही है? विडम्बना की बात है कि यहॉ का लोक निर्माण विभाग, वन विभाग अपनी जमीन पर वर्षो से सीना तानकर खड़े पुराने वृक्षों की सुरक्षा कों कोई पहल नही कर रहा है। सूत्रों की माने तो पहले शासन की जमीन पर सड़कों के दोनों किनारें लगे जो वृक्ष आधी, बारिश मे धराशायी हो गए थें उनकी कई माहों तक कोई सुध नही ली गयी और उनकी लकड़ी तक गायब हो गयी। कुद इसी प्रकार का हाल लोक निर्माण की भूमि पर लगे हुए बृक्षों को जान पड़ रहा है जानकारी के अनुसार अनेक जगहों पर लोक निर्माण की उसकी जमीनों पर लगे पुरानें पेड़ों को चिन्हित करनें मे बरती गयी लापरवाही के कारण हुई है। गौरतलब है वर्तमान मे भी पी.डब्लू.डी. की जमीन पर बड़ी संख्या मे आम, इमली, सागौन के पुराने वृक्षों का आस्तित्व है, जाहिर है इनमे से कुछ ऐसे वृक्ष भी है जो उम्र दराज होने के साथ साथ हर बरसात मे उनके अचानक गिरने की आशंका बनी रहती है इसलिए सम्बंधित विभाग की जबावदारी है कि ऐसे पुराने वृक्षों के कटवाने की व्यवस्था करें ताकि ये किसी दुर्घटना का सबब नही बने, वृक्षों को चिन्हित न करने के बारे मे यह सच्चाई भी सामने आयी है कि उक्त पुराने दरखतों के तनों पर नियमानुसार हेमर लगानें की व्यवस्था नही की गयी है, जिसका नतीजा है कि लोगों द्वारा इन पर कुल्हाड़यॉ चलाने मे कोई संकोच नही किया जाता, ऐसा भी मिसालें पहले मिल चुकी है कि शासन की जमीन पर लगें अनेक पुरानें वृक्ष बेरहमी से काट डाले गए।

# सड़कों पर ही खड़े किये जाने वाहनों को लेकर पहरेदारों की अनदेखी खड़े कर रही सवाल

## किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित हुई तो कौन रहेगा जिम्मेदार....?






**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

इस समय देखा जा रहा है कि संपूर्ण क्षेत्र में लगातार बढ़ रही वाहनों की संख्या के चलते सड़कों पर धमाचौकड़ी मची रहती है। वही दूसरी ओर लोडिंग वाहनो की धमाचौकडी से नगर के अंदर से निकले मुख्य रास्तों पर जाम की स्थिति निर्मित होना आम बात बन चुकी है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो प्रदेश स्तरीय माने जाने वाले मार्ग क्रमांक 44 जो गाडरवारा से झिकोली होते हुये प्रदेश की राजधानी के ओर जाता है। इस मार्ग पर लगातार बिगड़ रही यातायात के चलते लोगों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर तो होना ही पड़ रही है। वही दूसरी ओर आम लोगों की जिन्दगी खतरे में दिखाई देने से भी नही चूक पा रही है और आये दिन घटित होने वाली दुर्घटनाये इस बात को प्रमाण उजागर करने से नही चूक रही है। इस सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय दादा धूनी वालों की नगर सांईखेड़ा में तो स्थिति इस प्रकार से बन चुकी है कि सांईखेड़ा के अंदर से निकल रहे भारी भरकम वाहन जहां खुलेआम आम लोगों की जिन्दगी को खतरा पैदा करने के साथ साथ ग्राम के लोगों को परेशानी का कारण बने हुये है। बताया जाता है कि प्रदेश स्तर के माने जाने वाला यह मार्ग नगर के अंदर से निकला हुआ है, जिसके चलते नगर के अनेक प्रभाव शाली लोगों के बड़े बडे वाहन मुख्य सड़क किनारे खड़े रहने की स्थिति में नगर के अंदर आये दिन जाम की स्थिति पैदा होने के कारण जहां लोगों को अपने वाहन निकलने में घंटों लग जाते है। इस स्थिति में यदि कोई इस जाम में मरीज फस जावे तो उसका भगवान ही मालिक होता है। इतना ही नही जब यहां पर साप्ताहिक बाजार का दिन होता है उस दिन की स्थिति और भगवान रूप लेने से नही चूकती है। इस सच्चाई को लेकर हरिभूमि द्वारा लगातार आवाज उठाये जाने के बाद भी तो प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान दिया जा रहा है और न ही जिम्मेदार माने जाने वाले जनप्रतिनिधियों द्वारा जिसके चलते आये दिन स्थिति में सुधार होने की जगह बिगड़ते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रही है। वही दूसरी ओर सड़क किनारे खड़े होने वाली वाहनों की सच्चाई को लेकर भी पुलिस द्वारा नजर अंदाज किया जाना निश्चित ही पुलिस की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह खड़े करने से नही चूक पा रहा है? कुछ इसी प्रकार की स्थिति इस समय ग्राम समीस्थ ग्राम में देखने मिल रही है। ज्ञात हो कि गाडरवारा करेली मुख्य मार्ग जो राष्ट्रीय स्तर का सड़क मार्ग में होने के कारण इस मार्ग पर प्रतिदिनि वाहनों को दवाब होने से दिन भर इस मार्ग पर बेखौप दौडते वाहनो से पूर्व में अनेक छोटी बड़ी घटनाएं घटित हो चुकी है। मगर इसके बाद भी प्रशासन द्वारा किसी प्रकार का ध्यान नही दिया जा रहा है, जिसके चलते लोगों द्वारा जहां अपने घरों के सामने वाहन खड़े कर दिया जाता है या फिर निर्माण सामग्री ही सड़क किनारे रख दी जाती है, जिसके चलते ग्राम के अंदर आये दिन जाम की स्थिति निर्मित होते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रही है। मगर इस ओर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने का परिणमा है कि सड़क किनारे वाहना खड़े करने वालों के हौसले लगातार बुलंद होते हुये दिखाई दे रहे है। वही दूसरी ओर नगर सांईखेडा तथा ग्राम कौडिया के अंदर संचालित होने वाले चाय पान के ढेलो दुकानो पर छोटे वाहन चालको द्वारा सड़क पर ही अपने वाहन खडे कर चाय पान में मग्न हो जाते है। वही रही सही बाकी कसर आटो अन्य वाहन वालो द्वारा पूरी कर दी जाती है जो बीच सडक पर वाहनो को खड़ा करके सवारियों का इंतजार करते है, जिसके चलते यहां से निकलने वाले लोगों की जान को सदा ही खतरा बना रहता है? इस तरह दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेडा तथा ग्राम कौडिया के बीचों बीच से निकले इन मुख्य मार्गो को लेकर ग्रामवासियों द्वारा शासन प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा है कि यदि ग्राम के बाहर से वायपास मार्ग का निर्माण हो जाता है कि इस समस्या से जहां निजात मिल सकती है, वही दूसरी ओर लोगों की जिन्दगी भी खतरे से मुक्त हो जावेगी। मगर इस ओर अभी तक किसी भी प्रकार से ध्यान नही देना निश्चित ही लगता है कि शायद प्रशासन से लेकर जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा सांईखेड़ा व ग्राम कौडिया में किसी बड़ी घटना घटित होने का इंतजार किया जा रहा है? इस सच्चाई को मीडिया द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद भी जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नही दिया जहां चिंता जनक बना हुआ है तो दूसरी ओर सबाल यह पैदा हो रहा है कि प्रशासन की उदासीनता के चलते यदि यहां पर कोई घटना घटित होती है जो इसका जिम्मेदार कौन माना जावेगा..।

# लाखों की लागत से बना हुआ भवन बना शोभा की सुपारी



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** इस समय सांईखेड़ा क्षेत्र के किसानों जिस प्रकार से अनेक परेशानियों से जूझते हुये देखे जा रहे है उनकी समस्याओं के निदान को लेकर आज तक किसी भी नेता द्वारा ठोस प्रयास नही किये गये है, जिसके चलते आज स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही कि लगातार मांग किये जाने के बाद भी यहां पर कृषि उपज मंडी की शुरूआत नही हो पाई है, कहने के लिये तो मंडी का निर्माण हो चुका है, मगर वह मात्र शोभा की सुपारी बनकर रहे गये है, जिसके चलते लाखों की लगात से मंडी में किया गया निर्माण टूटते हुये दिखाई देने लगा है, वही दूसरी ओर मंडी की शासकीय भूमि अतिक्रमण की भेंट चढ़ने से भी नही चूक पा रही है, इस प्रकार से क्षेत्र की किसानों की मंडी में खरीदी नही होने के कारण लगभग 25 किलों मीटर द्वारा गाडरवारा या फिर अन्य दूसरी जगह की मंडियों में अपना अनाज बेचने के लिये जाना पड़ रहा है, इस स्थिति में किसानों को अनाज से मिलने वाली आय का काफी भाग तो अनाज ले जाने के भांडे में ही चला जाता है, वही दूसरी ओर वर्ष 2017 में म.प्र. शासन द्वारा किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की ओर से साईखेडा में मृदा परीक्षण प्रयोग शाला भवन का निर्माण कराते हुये लाखों की लागत से बने हुये इस भवन का 14 अक्टूबर 2017 को लोकापर्ण तो कर दिया गया है, मगर उस दिन के बाद आज तक न तो इस भवन का ताला खुल पाया है और न ही क्षेत्र के किसानों को इसका लाभ मिल पाया है, जिसके चलते जहां लाखों की लगात से बना हुआ यह भवन खंडहर की स्थिति में पहुंचने से भी नही चूक पा रहा है, यदि इस प्रयोग शाला का शुभारंभ हो जाता तो निश्चित ही क्षेत्र के किसान अपने खेतों की मिट्टी का परीक्षण कराकर मिट्टी की गुणवत्ता की जानकारी ले सकते और अपनी जमीन से फसल की उपज बढ़ाने में सफल हो जाते, मगर लाखों की लागत से बना हुआ यह भवन मात्र शोभा की सुपारी बनकर रह गया है, मगर इस भवन के लोकापर्ण के बाद आज तक इसमें किसी भी प्रकार के न तो उपकरण स्थापित किये गये है और न ही इसे चालू कराने की ओर ध्यान दिया गया है, जिसके चलते क्षेत्र के किसानों द्वारा इस प्रयोग शाला को शीघ्रता के साथ शुभारंभ करने की मांग उठाई जाने लगी है।

# म.प्र पुलिस फिजिकल के तहत आयोजित की गई प्रतियोगिता





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

निश्चित तौर से नगर में आये दिन जिस तरह अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन होते हुये देखा जाता है उसके चलते जहां नगर के युवाओं को भाग लेने का अवसर मिलता है तो दूसरी ओर इन प्रतियोगिताओं में गर के समाज सेवियों से लेकर जन प्रतिनिधियों के सहयोग से चार चांद लगने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते रविवार को स्थानीय पुराने कॉलेज खेल मैदान पर पर देखने मिली जहां पर म.प्र. पुलिस फिजिकल के तहत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इन प्रतियागिताओं के आयोजन में वारियर्स एथेलेटिक्स क्लब, जय हिंद पुलिस फिजिकल ग्रुप, वंदे भारत अकादमी एवं वीरांगना एकेडमी के तत्वाधान में मप्र पुलिस फिजिकल प्रतियोगिता का आयोजंन किया गया। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत पुलिस विभाग की भर्ती हेतु तैयारी कर रहे अनेक युवाओं एवं युवतियों ने ने 800 मीटर दौड़ के आलवा लंबी कूद एवं गोला फेंक में अपनी सहभागिता कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वही दूसरी ओर प्रतियोगिता के समापन उपरांत पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने अपने उदबोधन में कहा कि प्रसन्नता की बात है कि गाडरवारा कोचिंग हब बनता जा रहा है। अनेक प्रकार की नौकरियों में शामिल होने के लिये तैयारिया करने के लिये हमारे शहर के जो युवा वाहर जाते थें उसमें अब अनेक प्रकार की जानकारिया हमारे ही नगर में प्राप्त होने लगी है। अनेक युवा पुलिस विभाग सहित अनेक विभागों में भर्ती हेतु तैयारी कर रहे हैं उन्होंने आयोजन इसी प्रतियोगिता में भाग लेकर उसका एक हिस्सा बने है। इस तरह के आयोजन से युवाओं के लिये काफी कुछ सीखने मिलेगा। वही समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाजसेवी मुकेश बसेडिया ने कहा कि पुलिस भर्ती हेतु इस प्रकार के प्रतिस्पर्धात्मक आयोजन से प्रतिभागियों के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है एवं उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों में पूर्ण सहयोग देने की बात कही। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नपा सभापति एवं पार्षद सुरेंद्र गुर्जर ने कहा कि युवाओं ने इस प्रतियोगिता के जरिये बेहतर खेल का प्रदर्शन किया है। मुझे पूर्ण भरोसा है कि आप सभी अपने उद्देश्य में जरूर सफल होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद प्रतिनिधि सतीश कौरव, माध्यमिक शिक्षक मधु सूदन पटैल, नेतराम कौरव , शुभम पटेल दहलवाड़ा, आभाष प्रताप कौरव, शुभम कौरव, आनंद कौरव, सोमेश कौरव शिक्षक, शैलेश कौरव पटवारी, शरद नीखरा, अंकित ममार, साकेत कौरव, महेंद्र ममार, ब्रजेश कौरव, भानु कौरव, रजनी कांत बड़कुर, दीपक कौरव, राकेश कौरव, अर्जुन पटेल, हेमन्त कौरव सहित अन्य लोग मौजूद थे। बताया जाता है कि रविवार को सुबह से शुरू हुई प्रतियोगिताओं के समापन कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र का पूजन कर किया गया। तदोपरांत अतिथियों का स्वागत माला पहनाकर आयोजक मंडल के सदस्यों प्रभात कौरव, सौरभ कौरव, आकाश कौरव एवं रॉबिन सिंह ठाकुर ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम का मंच संचालन पीटीआई आदित्य द्विवेदी ने किया। वही पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम में 800 मीटर दौड़ के पुरूष वर्ग में हेमंत लोधी को प्रथम तथ सिद्धार्थ बसेडिया को दूसरा व आदित्य केशरवानी को तृतीय स्थान मिला। इसी प्रकार से महिला वर्ग से महक मेहरा को प्रथम तथा मेहंदी रजक को द्वितीय तो आरती कौरव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वही गोला फेंक प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग में अक्षय चौरसिया को प्रथम व नीरज कौरव को द्वितीय तथा ऋषि सोनी को तृतीय एवं लंबी कूद प्रतियोगिता में केशव जाटव को प्रथम तो कन्हैया ठाकुर को द्वितीय एवं कृष्णकांत मेहरा को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर अतिथियो द्वारा ट्रॉफी, मैडल एवं सहयोगियों द्वारा प्रदत्त नगद राशि पुरूस्कार के रूप में सप्रेंम भेट रूवरूप दी गई। वही कार्यक्रम में बेस्ट फिजिकल अवार्ड पुरुष वर्ग से कृष्ण कांत कौरव एवं महिला वर्ग से उमा गोस्वामी को दिया गया। इसके अलावा अतिथियो, सभी कोच को स्मृति चिन्ह एवं सभी प्रतिभागियों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विजय नामदेव, अमर मेहरा, मनीष कोष्टी, रमेश खंगार, यशवंत वर्मा, हरिओम कौरव, ऋतिक सेन, संजय कौरव, आयुष कौरव, ज्योति धानक एवं अनामिका कौरव सहित अन्य लोगों का विशेष योगदान रहा।

# नर्मदा नदी के झिकोली घाट में जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री सिंह




**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

प्रदेश में विश्व पर्यावरण दिवस से गंगा दशहरा तक चलाये जा रहे गंगा जल संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर बीते हुये रविवार को सांईखेड़ा विकासखंड के ग्राम झिकोली में नर्मदा घाट में आयोजित समापन कार्यक्रम में प्रदेश के परिवहन व स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश तथा क्षेत्र के विधायक राव उदय प्रताप सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ पौधरोपण एवं कन्यापूजन से किया। वही इस दौरान उन्होंने कहा कि आज इस अभियान का औपचारिक समापन है, परंतु हमें इस कार्य को अपने जीवन में निरंतर कार्य करने की आवश्यकता है और यह शासन की भी मंशा है। कार्यक्रम में मंत्री सिंह ने बताया कि यह जल संरक्षण व संवर्धन का कार्य निरन्तर करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की जनता से आव्हान किया है कि समाज के सभी लोग व्यक्तिगत स्तर, संगठनात्मक एवं सामूदायिक स्तर पर जल स्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। वही इन्होंने शासकीय कर्मचारियों से भी अपेक्षा की है कि हम लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रमाणिकता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने तत्पर रहें। राव उदय प्रताप सिंह ने बताया राज्य शासन की प्रभावी पहल जल गंगा संवर्धन अभियान विश्व पर्यावरण से गंगा दशहरा तक पूरे प्रदेश के सभी जिलों की पंचायतों तथा नगरीय निकायों में वर्षा जल के संग्रहण व संवर्धन संवर्धन के लिए चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान जल संवर्धन के लिए कुओं, तालाब, बावड़ियों, नदियों एवं अन्य जलस्त्रोत व संरचनाओं के संरक्षण व पुनर्जीवन के लिए कार्य किये जा रहे हैं। इस कार्य में जन प्रतितिनिधियों, शासन- प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों, सामाजिक, धार्मिक व स्वेच्छिक्र संगठनों के प्रतिनिधियों, मप्र जनअभियान परिषद की संस्थाओं और आम नागरिकों की सहभागिता से जल स्रोतों का गहरीकरण व स्वच्छता के कार्य किये जा रहे हैं। आने वाले बरसात में ज्यादा से ज्यादा जल का संग्रह हो सकेगा और भविष्य के जल संकट से सम्पूर्ण पर्यावरण व पृथ्वी को बचाया जा सकेगा। कार्यक्रम की प्रस्तावना मप्र जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक जयनारायण शर्मा एवं संचालन जन अभियान परिषद के विकासखण्ड समन्वयक राममोहन रघुवंशी ने किया।

# गंगा दशहरा के पावन अवसर पर नर्मदा तटों पर लगी भीड़



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** हमारे धर्म ग्रंथों में यह बात उजागर की गई है कि कलयुग काल में माँ नर्मदाजी व पवनपुत्र हनुमान जी पृथ्वी लोक पर साक्षत मौजूद रहेगे। और यही परिणाम है कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा माँ नर्मदाजी के जल में डुबकी लगाने की बात तो दूसर उनके दर्शन मात्र से ही पापों से मुक्ति पा लेता है। इसी का परिणाम है कि हर माह अमावस्या हो या फिर पूर्णिमा के अवसर माँ नर्मदाजी के तटों पर भक्तों की भीड़ लगी रहती है। कुछ इसी प्रकार का दृश्य बीते हुये रविवार को उस समय भी देखने मिला जब गंगा दश्हारा के पावन अवसर पर नर्मदा तट पर भक्तों की भीड़ लगी हुई देखी गई और लोगों ने बडे ही आस्था के साथ यहां पर पहुंचकर माँ नर्मदाजी के स्नान करते हुये जहां पूजन अर्चन किया गया तो दूसरी ओर गंगा दहशहरा के पावन अवसर पर माँ नर्मदाजी में डुबकी लगाने के महत्व को लोगों द्वारा कहा जाता है कि इस दिवस माँ गंगा जी नर्मदाजी के मिलने के लिये आती है इस तरह गंगा दहशतर के मौके पर नर्मदा जी में स्नान करते हुये पूजन करने के चलते इस पृथ्वी लोक पर मौजूद दोनों देवियों की जहां एक साथ पूजन हो जाती है और लोग अपने पापों से मुक्ति पा जाते है? वही दूसरी ओर हिंदू पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ महीने के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा का पावन पर्व मनाया जाता है। इस पर्व को लेकर कहा जाता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से 10 तरह के पापों से मुक्ति मिलती है। जिसमें मोक्ष की प्राप्ति होने के साथ साथ जीवन में सुख-शांति का आगमन होता है। वही बताया जाता है कि ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन हस्त नक्षत्र में मां गंगा स्वर्ग से धरती पर आई थीं। वही गंगा दशहरा पर दान और स्नान का अधिक महत्व बताया गया है। इसी के चलते बीते हुये रविवार को गंगा दशहारे के मौके पर जहां क्षेत्र के नर्मदा तटों पर भक्तों की भीड़ का आलम इस तरह बना हुआ था की मेले जैसा दृश्य नजर आने से नही चूक रहा था। वही दूसरी ओर सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन द्वारा क्षेत्र के लगभग सभी नर्मदा तटों पर अधिकारियों व कर्मचारियों की डियूटी लगाई गई थी जो पैनी नजर रखे हुये थें।

# शुद्व के लिये युद्व मुहिम पड़ी ठंडी, ब्राण्डेड कंपनी के मिलते जुलते सामान की आई बाढ़, आमजन की जिन्दगी को बन रहा खतरा?

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

जिस प्रकार से सरकार द्वारा कुछ वर्ष पूर्व शुद्व के लिये युद्व की मुहिम चलाते हुये आम जनता के स्वास्थ्य के प्रति अपनी सजकता दिखाई गई थी। वह मात्र चार दिन की चांदनी फिर अधिकारी रात ही साबित होते हुये जान पड़ी? क्योंकि इस मुहिम के चलते निश्चित तौर से जहां संबंधित विभाग के अधिकारियों की चांदी होने से नही चूकी थी वही दूसरी ओर मिलावटी सामग्री की जांच मात्र एक औपचारिकता पूर्ण ही जान पड़ी थी और इस मुहिम के कुछ दिन चलने के बाद जिस प्रकार से ठंडे वस्ते में जाते हुये देखी जा रही है उसके चलते फिर बाजार में मिलावटी सामग्री का विक्रय सबाब पर दिखाई देने से नही चूक पा रहा है? बताया जाता है कि मार्केट में इन दिनों डिब्बा बंद खाद्य पदार्थो की मांग खासी बढ़ गई है। क्योंकि खुले समाान में शुद्धता की गारंटी नहीं होने और स्वास्थ्य पर पड़नें वाले प्रभाव के चलते लोग पैक आईटम की ओर आकर्षित होने से नही चुक पा रहे है और इसके चलते बाजार में नामी गिरामी कंपाानियों की विभिन्न वैरायटी के प्रोडक्ट आ रहे है जो बच्चों से लेकर बड़ो तक की पसंद बन गए है। मगर गौर किया जावे तो बाजार में कंपनियों से मिलते जुलते ब्रांडों की भी बाढ आई हुई है यह सेहत पर क्या असर डालेंगे, इस बारे में न तो दुकानदार जान रहा है और न ही खाद विभाग को इतनी फुर्सत है कि इनकी जांच करें? बस दुकानदार तो कमीशन अधिक होने के फेरे में इन्हे बेचने में रूचि दिखाते हुए दिखाई दे रहे है जिसके चलते आम लोगों की जिन्दगी पूर्ण रूप से खतरे में दिखाई देने लगी है? अक्सर देखा जाता है कि बिना आई एस आई मार्क के भी प्रोडक्ट मार्केट में खुलेआम बेचे जा रहे है जो हानि कारक बताये जाते है। इन प्रोडेक्टों की सच्चाई इस प्रकार से बनी हुई देखी जाती है जिनमें न तो निर्माण तिथि दिखाई देते है और न ही उनके समाप्त होने की तिथि का किसी भी प्रकार से कोई उल्लेख जान पड़ता है? मगर ग्राहकों की जागारूकता के अभाव के चलते एवं दुकानदार लालच के चक्कर में असली की सूरत में नकली कंपानियों के समान बेचते हुए आसानी से दिखाई देते हुए जान पड़ रहे है? एक्सपायरी डेट का उल्लेख नही- यदि इन समानों पर गौर किया जावे तो कई वस्तुओं पर तो इसके निर्माण की तिथि तक नहीं लिखी रहती और कई जगह एक्सपायरी डेट का समान बिकते हुए भी देखा जाता है? इन उत्पादों को शहर की गलियों सहित गांव गांव में बेचा जा रहा है, शहर सहित आसपास के कस्बों में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों में लाखों का कारोबार होता है, वही अच्छी कंपानियों का कमीशन कम है और दुकानदारों की मांग के अनुरूप इसकी पूर्ति नहीं होती है, इस कारण बाजार में इन नामों से मिलते जुलते प्रोडक्ट की बाढ़ देखने मिल रही है? वही दूसरी ओर यदि प्रशासन की सक्रियता पर गौर किया जावे तो इनके द्वारा कभी कभार ही इस प्रकार की दुकानों का निरीक्षण किया जाता है वह भी मात्र औपचारिकता पूर्ण होने के चलते इस प्रकार से गुणवत्ताहीन सामन की बिक्री करने वालों के हौसले बुलंद दिखाई दे रहे है?

**खबर संक्षेप**

### चार साल से फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया गया पेश



**अमरपुर।** माननीय न्यायालय उत्कर्ष राज सोनी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के न्यायालय से जारी प्रकरण क्रमांक 1147/20 अपराध क्रमांक 353/20 धारा 457, 380, 411, 34 आईपीसी के आरोपी गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद अमरपुर पुलिस चैकी प्रभारी अतुल हरदहा एवं उनके स्टाफ द्वारा अमन गायकवाड़ पिता मुरारी लाल गायकवाड़ उम्र 20 वर्ष, धरम सिंह पिता बुद्धू सिंह धुर्वे उम्र 25 एवं जयप्रकाश मरावी पिता गुलाब सिंह मरावी उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम बरसिंघा को गिरफ्तार कर न्यायालय डिंडोरी में पेश किया गया।

### जन्म दिवस के अवसर पर किया गया पौधारोपड़ क्षेत्रीय विधायक रहे मौजूद



**अमरपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता आकाश नामदेव रविवार को जन्मदिन के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर अमरपुर में वृक्षारोपण किया गया। जिसमें अर्जुन, सर्प गंधा, नीम, अश्वगंधा, सतावरी एवं श्यामा हल्दी आदि के छायादार एवं औषधीय पौधे रोपे गए। इस विशेष अवसर पर क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धुर्वे, भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल मिश्रा, मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एस एस मरकाम, आयुष अधिकारी डॉक्टर गायत्री श्याम एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी उपस्थित रहे। ज्ञात होवे कि आकाश नामदेव के द्वारा प्रति वर्ष अपने जन्मदिन के अवसर पर पौधे रोपित करने का कार्य किया जाता हैं।

### बाल भारती पब्लिक स्कूल सीएलसी स्कूल के रूप में हुआ सम्मानित

**अनूपपुर।** सीबीएसई और माइक्रोसॉफ्ट टेक अवांट-गार्ड के आयोजित ऑनलाइन शुभारम्भ समारोह में बाल भारती पब्लिक स्कूल अनुपपुर को शहडोल संभाग में एकमात्र कनेक्टेड लर्निंग कम्युनिटी (सीएलसी) स्कूल के रूप में सम्मानित किया गया है, जो सीबीएसई और माइक्रोसॉफ्ट टेक अवांट-गार्ड द्वारा समर्थित एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। निःसंदेह यह एक प्रतिष्ठित स्कूल की शैक्षिक उत्कृष्टता और तकनीकी नवाचार को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। कार्यक्रम की शुरूआत बीबीपीएस अनूपपुर के प्राचार्य के स्वागत संबोधन से हुई, जिन्होंने स्कूल के आदर्श वाक्य "हंसो नयतु नः प्रज्ञाम" पर जोर दिया, जो संस्थान की उत्कृष्टता के प्रति समर्पण को रेखांकित करता है। कार्यक्रम का शुभारंभ हिन्दुस्तान पॉवर जैतहरी के मानव संसाधन विभाग प्रमुख आरके खटाना, द्वारा फीता काटकर किया गया, साथ ही कंपनी प्रबंधन से विजय सोनी और गौरव पाठक की उपस्थिति ने इसे और गरिमामय बनाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण माइक्रोसॉफ्ट "कार्ट ब्लांच - एंडलेस एम्पावरमेंट", प्रोजेक्ट की शुरूआत थी। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि यह परियोजना, "कार्ट ब्लांच - एंडलेस एम्पावरमेंट", सीबीएसई और टेक अवंत-गार्ड (टैग-माइक्रोसॉफ्ट ग्लोबल ट्रेनिंग पार्टनर) के बीच का संयुक्त उद्यम है। कार्यक्रम के तहत, टेक अवंत-गार्ड, सीबीएसई, माइक्रोसॉफ्ट और अन्य भागीदारों के साथ साझेदारी में हाइब्रिड लर्निंग, डिजिटल लिटरेसी, स्किल हब इनिशिएटिव, फाइनेंशियल डिजिटल लिटरेसी प्रोग्राम, एडोलसेंट हेल्थ प्रोग्राम, हेल्थ कियोस्क, स्कूल एंड कॉलेज कनेक्ट, आर्ट कनेक्ट, स्कूल सिनेमा और वर्चुअल फील्ड ट्रिप को लागू करेगा। कार्यक्रम में अजय कुमार तिवारी, परियोजना समन्वयक और कक्षा आठवीं की कक्षा शिक्षिका रश्मि उपाध्याय के समर्पण को भी सम्मानित किया गया।

# व्याप्त अनियमितताओं के बीच में जारी है अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की मनमानी

डिंडोरी

जब से नगर परिषद डिंडोरी में नवीन परिषद गठित हुई है ,तब से सिर्फ और सिर्फ आवंटन का रोना रोया जा रहा है,कभी नगरीय क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर तो कभी नगर परिषद के कर्मियों के मासिक भुगतान को लेकर । लेकिन बीते 21-22 माह में परिषद की कार्यप्रणाली में कोई सुधार न हो सका।नतीजतन शहर स्थित अधिकांश वार्ड आज भी अटूट गंदगी से अटे पड़े स्वच्छता को पलीता लगा रहे है। फिर पिछले कार्यकाल में किया गया सौंदर्यीकरण भी जमीदोज हो वर्तमान परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। जहां फायर ब्रिगेड मंडल अध्यक्ष के घर पानी देने जाता है,वह भी ग्रामीण क्षेत्र में और अखबारी सुर्खियों के बावजूद वही फायर ब्रिगेड शहर स्थित प्लांटेशन की तराई करता है। लेकिन हद तो तब हो जाती है जब देश के उपराष्ट्रपति के आगमन की दस्तक से पूर्व शहर में नगर परिषद का विद्युत वाहन होर्डिंग्स लगाने का कार्य करता है। जिसमे महज एक कर्मी नगर परिषद का होता है और बाकी सारे कर्मी होर्डिंग का व्यापार करने वालों के ,लेकिन तमाम जानकारी के बावजूद परिषद के कर्णधार मौन धारण कर बैठ जाएंगे और नित नई मनमानियां उजागर होती रहेंगी, जो जनहित में उचित नहीं है ।





### बंद पड़ा पानी का फव्वारा

कॉलेज तिराहे से लेकर मंडला स्टेंड और समनापुर तिराहे तक के वर्तमान हालात देख यदि हम यह कहें की शहर के सौंदर्यीकरण को ग्रहण लग गया है तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।अब आप कलेक्टर कार्यालय के सामने स्थित पानी के फव्वारे को ही ले लीजिए,जिस पर निर्माण के बाद आज तलक लाखो रूपये खर्च किए जा चुके है,लेकिन नतीजा सिफर,क्यों..?, करोड़ों के वारे-न्यारे करने वाली परिषद वर्षों से इस एक मात्र पानी के फव्वारे को दुरुस्त कराने में नाकाम रही है।

### जमीदोज हो रहा सौंदर्यीकरण

यदि सौंदर्यीकरण की बात की जाए तो पवित्र नर्मदा तट से लेकर रानी अवंती बाई स्थल और कलेक्टर तिराहे पर रानी दुर्गावती स्थल के आसपास का सौंदर्यीकरण पूरी तरह तबाह हो गया है,इसके नर्मदा घाट पर लगाई गई घटिया किस्म की रेलिंग भी लोग उखाड़ कर लें गए,फिर भाजपा कार्यालय के पास जो मिनी गार्डेन और जिम तैयार किया गया था ,वह भी जीर्ण शीर्ण होने की स्थिति में है। फिर विद्युत व्यवस्था पर भी ग्रहण लगा हुआ है,शहर की अधिकांश स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी है।

### इनका कहना है.......

मैं नगर के प्रत्येक वार्ड में सफाई व्यवस्था को लेकर सजग रहती हूं,और समय-समय पर कर्मचारियों को सफाई के लिए निर्देशित करती हूं और रही बात सौंदर्यीकरण की तो शीघ्र ही इस दिशा में पहल कर नगर को पुनः सुंदर व व्यवस्थित बनाने पहल की जाएगी।

**सुनीता सारस**
(अध्यक्ष,नगर परिषद डिंडोरी)

# सीएम राइज शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक स्कूल डिण्डौरी (धनुवासागर) में एक दिवसीय लाइट हाउस कार्यशाला का आयोजन

डिंडौरी



लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेश के चयनित सीएम राइज विद्यालयों को नोडल विद्यालय के रूप में तैयार करने की योजना है जिसके अंतर्गत सीएम राइज शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डिण्डौरी (धनुवासागर) में जिला कलेक्टर विकास मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी रत्ति सिंह सिन्द्राम एवं संस्था के प्राचार्य जे.एस. मरकाम के मार्गदर्शन में एक दिवसीय लाइट हाउस कार्यशाला का आयोजन दिनांक 14 जून 2024 दिन- शुक्रवार को किया गया। लाइट हाउस कार्यशाला का उद्देश्य नोडल विद्यालयों में जिले व ब्लाक के नवीन स्वीकृत सीएम राइज विद्यालयों, पी एम श्री विद्यालयों अन्य विद्यालयों के स्कूल लीडर्स व स्टाफ को शैक्षणिक भ्रमण कराया जाना है जिससे की इन विद्यालयों में शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक गति विधियों को बेहतर शैली से संचालन हो सके। आयोजित कार्यशाला में पीपुल ग्रुप के प्रशिक्षक मोनू पटेल, पूर्ति कपूर और आब्जर्वर वैभव सर ने इसके उद्देश्य व आवश्यकता पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रस्तुत की। समस्त शिक्षको को अलग अलग समूहों में बांटा गया, कार्यशाला के प्रथम सत्र में वेलकम के साथ प्रवेश हुआ। समूह अलकनंदा, गंगा ,नर्मदा ,ताप्ती , मेकलसुता और क्षिप्रा शिक्षको का ग्रुप रहा। समूहवार शिक्षको को लाइट हाउस की अवधारणा एवं मापदंड, पाठयोजना का निर्माण तथा क्रियान्वयन के बारे में बताया गया। कार्यशाला के द्वितीय सत्र में शिक्षको से पाठयोजना बनाकर समूहवार विषय-विज्ञान से सुलोचना परस्ते, गणित से ऋतुराज अहिरवार और अंग्रेजी से चन्दन सिंह दुर्वासा के द्वारा शानदार प्रस्तुतिकरण किया गया। कार्यशाला के अंतिम दौर में पीपुल ग्रुप के द्वारा सर्किल टाइम में समस्त शिक्षको के साथ रोचक एवं आनन्ददायी गतिविधियाँ हुई और स्टार ऑफ द डे में कंचन बर्मन, मनीष सोनी, रूपा सिंह ठाकुर, मेनका यादव, सुलोचना परस्ते, चन्दन सिंह दुर्वासा, विनय बिल्थरे और ऋतुराज अहिरवार रहे। विद्यालय के समस्त स्टाफ की कार्यशाला में सहभागिता अत्यन्त सराहनीय रही।



### भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत-जनता ने पुनः मोदी सरकार पर जताया भरोसा -फग्गनसिंह कुलस्ते

# पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री व सांसद कुलस्ते का डिण्डौरी में भव्य स्वागत समारोह





**डिण्डौरी।** लोकसभा आम चुनाव में निर्वाचित होने के बाद सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते का डिण्डौरी नगर प्रथम नगर आगमन हुआ तो सर्वप्रथम नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस के नेतृत्व मे पुरानी डिण्डौरी मे किया गया वहीं कलेक्ट्रेड तिराहा मे विप्र समाज के जिलाध्यक्ष सुधीरदत्त तिवारी के नेतृत्व मे किया गया। काफिला जैसे ही जिला भाजपा कार्यालय पहुँचा तो आतिषबाजी एवं ढ़ोल नगाड़ो के साथ श्री कुलस्ते का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के पूर्व सभी मंचासीन पदाधिकारियों ने भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तेलीय चित्र पर माल्यार्पण कर तिलक वंदन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया ने नेतृत्व मे सभी जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, मोर्चा जिलाध्यक्षों ने अपनी अपनी टीम के साथ स्वागत किया वहीं युवामोर्चा के जिलाध्यक्ष राकेष परस्ते के नेतृत्व मे स्मृति चिंह भेंट किया गया। स्वागत के पश्चात सभा को सर्वप्रथम भाजपा जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया ने संबोधित करते हुए कहा कि आज बहुत ही हर्ष का दिन है कि लोकसभा चुनाव में विजयी होने के पष्चात नगर डिण्डौरी मे हमारे नेता एवं लोकप्रिय सांसद का आगमन हुआ है। जिस प्रकार से हमारे सभी पदाधिकारियो ने तन, मन, धन लगाकर जो चुनाव मे विजयी दिलाई है वह काबिलेतारीफ है और इसलिए है कि कांग्रेस के गढ़ के रूप मे प्रख्यात डिण्डौरी विधानसभा जहॉ से लोकसभा चुनाव मे कांग्रेस प्रत्याषी आते है हम सभी कार्यकर्ताओं के प्रयास से उनके ही घर कहलाने वाले विधानसभा डिण्डौरी मे भाजपा ने विजयी हासिल की है जिसके लिए मे सभी कार्यकर्ताओं का आत्मीय आभार व्यक्त करता हॅू। जिस प्रकार से हम लोकसभा चुनाव मे मेहनत किये है आपको यकीन दिलाता हॅू इसी तरह से अगर मेहनत हम सभी मिलकर करेगें तो निष्चित तौर पर हम आगामी विधानसभा चुनाव जीतने मे सफल होगें। वहीं सभा को संबोधित करने के पूर्व सांसद कुलस्ते ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के उपर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया एवं लोकसभा चुनाव मे ऐतिहासिक विजयी पर आभार जताया। सभा को संबोधित करते हुए सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते ने कहा कि लोकसभा चुनाव मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे लगातार तीसरी बार एन.डी.ए की सरकार बनी। आपको अवगत है कि सर्वप्रथम पहली बार जब मोदी जी के नेतृत्व मे भाजपा चुनाव लड़ी तो पूर्ण बहुमत के साथ एन.डी.ए. की स्थाई सरकार बनी एवं 2019 लोकसभा चुनाव मे भाजपा को पूर्ण बहुमत के साथ 303 सीट जीतकर पुनः सरकार बनाई वहीं इस लोकसभा चुनाव मे सीटें मे कुछ अंतर आया है पर एन.डी.ए. की स्थाई सरकार एवं नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे तीसरी बार मजबूत सरकार बनी है जिसमे हम सभी कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी योग्यता एवं क्षमतानुरूप कार्य किया है। जिस प्रकार मेरा स्वागत किया है ये अविस्मरणीय है लेकिन आपने डिण्डौरी विधानसभा जिताकर ही मेरा स्वागत आपने पहले ही कर दिया था। यह जीत जनता की है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पुनः विष्वास व भरोसा जताया। मंच का संचालन जिला महामंत्री ज्ञानदीप त्रिपाठी व आभार जिला महामंत्री जयसिंह मरावी ने व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम मे वरिष्ठ नेता व पूर्व जिलाध्यक्ष कैलाषचंद जैन, डॉ. सुनील जैन, अशोक अवधिया, प्रदेष कार्यसमिति सदस्य व पूर्व जिलाध्यक्ष संजय साहू, अजजा प्रदेष महामंत्री पंकज सिंह तेकाम, जिला पचायत अध्यक्ष रूदेष परस्ते, पूर्व विधायक दुलीचंद उरैती, वरिष्ठ नेता राजेन्द्र प्रसाद पाठक, सुरेन्द्र कुमार दुबे, चमरू सिंह नेताम, सरमन सिंह ठाकुर, कृष्णलाल हस्तपुरिया, संजय केषवानी, वीरेन्द्र बिहारी शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष मनोहर सिंह ठाकुर, बद्रीप्रसाद साहू, महेष सिंह पाराषर, प्रीतम मरावी, इन्द्रावती धुर्वे, जिला मंत्री सपना जैन, अनुराग गुप्ता, मनका वनवासी, राजेन्द्र प्रसाद दुबे, मोहन मरावी, जिला कार्यालय मंत्री पुनीत जैन, जिला कोषाध्यक्ष स्कंद चैकसे, जिला मीडिया प्रभारी सुधीरदत्त तिवारी, जिला सोषल मीडिया संयोजक पवन शर्मा, सह संयोजक अविनाष सिंह सैनी, मण्डल अध्यक्षगण लक्ष्मणसिंह ठाकुर, हेमसिंह राजपूत, राजेष्वर साहू, राजकुमार मोंगरे, घनष्याम कछवाहा, वीरेन्द्र साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष पंवती कुषराम, आषा धुर्वे, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, नपा उपाध्यक्ष सारिका नायक, जिला पंचायत सदस्य हीरा रूदेष परस्ते, युवामोर्चा जिलाध्यक्ष राकेष परस्ते, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष महेष धुमकेती, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष परसराम नागेष, पि.वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष दषरथ सिंह राठौर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नरवदिया मरकाम, पार्षद रीतेष जैन, रजनीष राय, स्मिता अजय बर्मन, लक्ष्मी रम्मू वैष्य, महेन्द्र दाहिया, सुमन शत्रुघन पाराषर, हरिहर पाराषर, मण्डल महामंत्री भागीरथ उरैती, प्रदीप गुप्ता, जगदीष धुर्वे, भारत राजपूत, संतोष मरावी, सुदामा बर्मन, रेवा पांडे, गणेष सोनवानी, राकेष सिहारे, डिम्पल दीक्षित, अलोक शर्मा, युवामोर्चा मण्डल अध्यक्ष सरजू यादव, उदयभान सिंह ठाकुर, धनेष धनंजय, केहर वर्मे, कुलदीप नंदा, सुषील यादव, चमरू यादव, राजेन्द्र यादव, नीलू जैन, पुष्पेन्द्र सिंह तेकाम, अषोक साहू, लोकेन्द्र यादव, ललिता धुर्वे, कुंवरिया मरावी, अनीता अरोरा, कमलेष पटेरिया, चूरामन साहू, नारायण साहू, शान्तनु पाठक, ओमकार ठाकुर, रमेष चन्द्र राठौर, भागवती पड़वार, रामकिषोरी ठाकुर, रजनी श्रीवास, मिथलेष मिश्रा, कोमल यादव, दुर्गेष जोगी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहें।

### शहपुरा बिछिया के नजदीकी ग्राम छपरा में चल रहा है नौ दिवसीय श्रीराम कथा

# श्रीराम कथा में भगवान श्री राम के जन्म का बखान किया

**डिंडौरी।** जिले के शहपुरा बिछिया के नजदीकी ग्राम छपरा के बजरंग टेकरी में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के चैथे दिन कथा वाचक जगतगुरु स्वामी आत्मानंद सरस्वती महाराज जी के मुखारविंद से भगवान श्रीराम के जन्म का वाचन किया गया उन्होंने बताया कि किस तरह से महाराज दशरथ के यहां महारानी कौशल्या, कैकेयी और सुमित्रा को पुत्र योग का संयोग बना। महाराज के चारों पुत्रों के जन्म से संपूर्ण राज्य में आनंद का माहौल था हर कोई खुशी में गंधर्व गान कर रहे थे और नृत्य करने लगी थी देवताओं ने पुष्प वर्षा की। राजा दशरथ ने ब्राह्मणों को दान दक्षिणा दी और उन सभी ने महाराज के पुत्रों को आशीर्वाद दिया। राजा ने दरबार में मौजूद दरबारियों को रत्न आभूषण भेंट दी। भगवान राम के जन्म के बाद अयोध्या में हर तरफ खुशियां मनाई गई हैं। भगवान श्रीराम के जन्म पर राजा दशरथ संपूर्ण नगर में बधाइया तथा पूरे नगर में मिठाई बंटवाते हैं। नगर में हर घर में बधाई गीत का गायन किया गया। इस अवसर पर पूरा पंडाल भय प्रकट कृपाला, दीनदयालाल के महाआरती से गुंजायमान हो गया वही बैंड बाजे आतिशबाजी के साथ सुंदर पालकी सजाई गई थी जिसमे नन्हे से बालक को भगवान श्री राम बनाया गया वही बधाई भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए वही कथा वाचक ने कथा को आगे श्रवण कराते हुए कहा की सबसे पहले महाराज दशरश की बड़ी रानी कौशल्या ने एक शिशु को जन्म दिया जो बेहद ही कान्तिवान, नील वर्ण और तेजोमय था। इस शिशु का जन्म चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था। इस समय पुनर्वसु नक्षत्र में सूर्य, मंगल शनि, वृहस्पति तथा शुक्र अपने-अपने उच्च स्थानों में विराजित थे। साथ ही कर्क लग्न का उदय हुआ था। फिर शुभ नक्षत्रों में कैकेयी और सुमित्रा ने भी अपने-अपने पुत्रों को जन्म दिया। कैकेयी का एक और सुमित्रा के दोनों पुत्र बेहद तेजस्वी थे। अंततः कथा समापन होने के बाद आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया बताया गया की कथा को श्रवण करने बड़ी संख्या में क्षेत्र भर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में कथा श्रवण करने पहुंच रहें हैं।



**-सनातनी वही जहां राम चरित्र मानस ग्रंथ और आंगन में तुलसी का पौधा**



कथा वाचक कनिष्ठ जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी आत्मानंद जी महराज ने कथा ने श्रद्धालुओं को बताया की जिस घर में रामचरित्र मानस और तुलसी का पोधा न हो वह घर नही कहलाता वह एक मरघट के समान हैं हर सनातनी के घर मैं तुलसी का पौधा और राम चरित्र मानस होना चाहिए। वही उन्होंने बताया की सत्य ही शिव हैं शिव ही सुंदर है उन्होंने आगे कथा मैं बताया की अपने अपने गुरु जी को ही भगवान माने हर दुख सुख अपने गुरु जी को बताए क्योंकि गुरु जी को बताने से दुख कम और सुख कई गुना बढ़ जाता हैं वही उन्होंने बच्चों को अच्छे संस्कार देने की कथाव्यस से अपील की उन्होंने कहा बच्चों को संतों से लगाव लगाना चाहिए ताकि वह सनातनी हो ओर भगवान से प्रेम लगाना चाहिए।



# कसौंधन वैश्य समाज के जिला इकाई अनूपपुर का शपथ ग्रहण संपन्न

अनूपपुर।

15 जून को अनूपपुर जिला इकाई का शपथ ग्रहण समारोह एवं जिला अधिवेशन का कार्यक्रम होटल सूर्या में विशिष्ठ अतिथि बृजकिशोर गुप्ता, प्रांतीय पदाधिकारियों एवं बी.सी.एम, कोतमा, अनूपपुर इकाइयों के गणमान्य सामाजिक सदस्यों के मध्य संपन्न हुआ। सर्वप्रथम महर्षि कश्यप जी की पूजा अर्चना की गई इसके उपरांत प्रांतीय पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ समाजसेवियों का तिलक वंदन कर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में प्रांतीय अध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता के द्वारा अनूपपुर जिला अध्यक्ष एवं जिले की कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। तदोपरांत कोतमा, बी.सी.एम एवं अनूपपुर के नगर इकाई के पदाधिकारियो को शपथ दिलाई गई एवं समस्त पदाधिकारियो को प्रमाण पत्र वितरित किए गए बीसीएम एवं नगर इकाई अनूपपुर के द्वारा सामाजिक बायोडाटा एवं जनगणना पत्रक प्रांतीय समिति को प्रदान किए गए। इकाइयों ने सर्वसम्मति से कोतमा ब्लॉक अध्यक्ष के रूप संतोष गुप्ता (कोतमा) को मनोनीत किया गया। मंगेश गुप्ता बुढार इकाई अध्यक्ष के द्वारा अनूपपुर में सामाजिक धर्मशाला निर्माण होने की स्थिति पर रजिस्ट्री व्यय पर 51000 रुपए प्रदान करने की बात रखी जिसका सभी ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में रामकरण, रामगरीब, बालमुकुंद, ज्ञानचंद, रामबोल, राजेंद्र गुप्ता, रामभजन, प्रवीण गुप्ता, कमलेश गुप्ता ने अपने-अपने सामाजिक उद्गार प्रस्तुत कर संगठन को मजबूत करने पर मंथन किया गया। घनश्याम गुप्ता (प्रांतीय महामंत्री ) द्वारा प्रांतीय शपथ ग्रहण उपरांत बीते 6 महीने में हुए सामाजिक कार्यों की जानकारी विस्तार से सामाजिक बंधुओ के सामने रखी गई तदोपरांत प्रांतीय अध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता जी द्वारा सामाजिक बंधुओ के सम्मुख आगामी समय में भविष्य में होने वाले प्रांतीय स्तर के कार्यों पर कार्य करने एवं संगठन को मजबूत करने पर सबसे सहयोग मांगा गया। मुख्य अतिथि जनार्दन गुप्ता जी एवं कार्यक्रम अध्यक्ष शंकरलाल गुप्ता जी रहे। कार्यक्रम समापन की घोषणा उपरांत कार्यक्रम संपन हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष सुशील गुप्ता एवं अनूपपुर इकाई के सामाजिक बंधुओ एवं युवा टीम द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### बैठक के उपरांत रोपा पौधा



**नरसिंहपुर ।** विगत दिवस मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी मुख्यालय कक्ष मे अनुविभागीय राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता मे एवं मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन मे एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी चिकिसा अधिकारी एवं खंड स्तरीय दल की बैठक सम्पादित की गई। बैठक मे पल्स पोलियो अभियान जो 23 जून से 25 जून 2024 एवं दस्तक अभियान 25 जून से 27 अगस्त 24 तक सफल संचालन हेतु निर्देश दिये गये । बैठक के उपरांत पी एच सी प्रांगण ( हर्बल गार्डन ) म एस डी एम एवं सी बी एम ओ द्वारा वृक्षा रोपण किया गया।

### युवक को सर्प ने काटा

**नरसिंहपुर ।** गत दिवस किशोर को सर्प ने काट लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया । पुलिस ने बताया कि ऋषिराज पिता शिवकुमार शर्मा उम्र 17 बर्ष निवासी सूखा ढिंगसरा थाना सुआतला को घर पर सर्प ने काट लिया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### महिला ने खाया जहर

**नरसिंहपुर ।** गत दिवस महिला द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया । पुलिस ने बताया कि हेमवती पति नीलेश लोधी उम्र 21 बर्ष निवासी डोंगरगांव थाना स्टेशनगंज द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसे उपचारी हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है ।

### सड़क दुर्घटना मे दो घायल

**नरसिंहपुर ।** गत दिवस रीछा के पास हुई सड़क दुर्घटना मे दो लोग घायल हो गये । पुलिस के अनुसार चंदू पिता चेतन पटेल उम्र 33 बर्ष निवासी बेलखेड़ी थाना ठेमी एंव चंदन पिता परषोत्तम प्रजापति निवासी बेलखेड़ी थाना ठेमी रीछा एंव बरहटा के बीच हुई सड़क दुर्घटना मे घायल हो गये जिन्हे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के कारण जबलपुर रेफर कर दिया गया ।

### शिक्षक महासंघ के आशीष प्रदेश मंत्री नियुक्त



**नरसिंहपुर ।** गत दिवस संविदा शिक्षक महासंघ की प्रदेश स्तरीय बैठक भादव माता मंदिर उज्जैन में पूर्व कैबिनेट दर्जा प्राप्त मंत्री अध्यक्ष कर्मचारी कल्याण समिति रमेश चंद्र शर्मा, विभाग प्रमुख भारतीय मजदूर संघ सतीश शर्मा, मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष मनोहर गिरी की उपस्थिति में आयोजित की गई । जिसमें संगठन के नाम को बदलकर मध्यप्रदेश शिक्षक महासंघ किया गया एवं प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन किया गया बैठक में मध्य प्रदेश शिक्षक महासंघ नरसिहपुर के जिलाध्यक्ष मनीष कटारे एवं जिला कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्यों की आम सहमति से प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्वाचन में प्रदेश मंत्री हेतु शिक्षक आशीष दुबे करेली का नाम प्रस्तावित गया एवं आमसहमति से श्री दुबे निर्विरोध प्रदेश मंत्री निर्वाचित हुए। प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में निर्वाचित पदाधिकारियों को संघ तथा उनके शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनायें प्रेषित की गई ।

### गंगा दशहरा पर मां नर्मदा के सभी घाटों पर रही भीड़



**नरसिंहपुर ।** रविवार को गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जिले के संपूर्ण मां नर्मदा के सभी घाटों पर भीड़ रही लाखों भक्तों ने सास्था की डुबकी लगाकर अपनी मनोकामना मां नर्मदा के समक्ष रखी ।

## खराब सड़क बनी परेशानी का कारण

# गर्भवती महिला ने रास्ते में ही दिया बच्चे को जन्म

**रोड पर खड़ी रही एंबुलेस ट्रैक्टर से रोड तक ले पर ला रहे थे, परिजन**

सरकार द्वारा कराड़ों रूपये खर्च कर लोगों को बेहतर सुविधायें देने का दावा किया जाता है लेकिन जिम्मेदार लोगों की लचीली कार्यप्रणाली के चलते सरकार के दावे सफल नही हो पाते ।




**नरसिंहपुर।**

इसी प्रकार का मामला गोटेगांव क्षेत्र से सामने आया जहां पर गांव की सड़क खराब होने के कारण गर्भवती महिला को परिजनों द्वारा रोड तक ले जाने के लिये ट्रैक्टर जैसे बड़े वाहन का उपयोग करना पड़ा और बिना स्वास्थ्य सुविधाओं के महिला ने शिशु को जन्म दिया । बताया गया कि गांव की सड़क बेहद खराब है जिसके कारण एंबुलेंस भी गांव मे नही जा पाती है।

### गांव से दो किमी दूर खड़ी रही एंबुलेस

जिले में खराब सड़कों की फजीहत सामने आई है। सड़क खराब होने से जब गांव तक एंबुलेंस नहीं आ सकी, तो गर्भवती को ट्रैक्टर पर लिटाकर लाना पड़ा, महिला ने रास्ते में ही बच्चे को जन्म दे दिया। परिजनों ने दो किमी चलकर जच्चा, बच्चा को गांव के बाहर खड़ी एंबुलेंस तक पहुंचाया। जच्चा, बच्चा दोनों सुरक्षित है। इस घटना के बाद अब सरकार के इस दावे की पोल खुल गई, जिसमें गांव से शहर को जोड़ने के लिए योजना अंतर्गत बनने वाली सड़कें पूरी तरह से बनवा दी गई है। वहीं सवाल खड़े हो रहे है, कि जब गर्मी के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों में रास्ते के ये हाल है, तो बरसात में क्या हाल होगें।

### अत्यंत जर्जर है गांव का पहुंच मार्ग

रास्ता खराब होने के चलते गांव में एम्बुलेंस नहीं पहुंच सकी, जिसके चलते प्रसूता की रास्ते में ही प्रसूति हो गई, जानकारी के अनुसार गोटेगांव अंर्तगत आने वाले कौडिया गांव निवासी रमैती बाई पति नीलेश यादव को प्रसव पीड़ा होने पर आशा कार्यकर्ता को इस बात की जानकारी दी। आशा कार्यकर्ता ने प्रसूता को अस्पताल पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस को फोन किया गया। लेकिन ग्राम तक पहुंच मार्ग अत्यंत जर्जर होने के चलते एम्बुलेंस गांव तक नहीं पहुंच सकी। वह महिला को एंबुलेंस तक पहुंचने के लिए महिला को ट्रैक्टर में बैठकर लम्बा रास्ता तय करना पड़ा, इसी दौरान रहली गांव तक पहुंचने पर महिला को तेज पीड़ा होने पर आशा कार्यकर्ता ने ही रास्ते महिला की डिलेवरी करवाई गई, फिलहाल जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ्य है।

### जच्चा -बच्चा दोनों सुरक्षित

परिजनों तथा स्थानीय निवासियों ने प्रसूता को ट्रैक्टर पर डालकर एम्बुलेंस तक पहुंचाने की कोशिश की। लेटलतीफी के चलते प्रसूता के घर की कुछ दूरी पर ही डिलीवरी हो गई। प्रसूता ने रास्ते में ही पुत्र को जन्म दे दिया। मौके पर कोई स्वास्थ्य सुविधा नहीं होने के चलते जच्चा, बच्चा दोनों को ट्रैक्टर पर डालकर एम्बुलेंस तक पहुंचाया गया, जहां एम्बुलेंस द्वारा गोटेगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाकर भर्ती कराया गया। जहां उनका स्वास्थ्य परीक्षण के साथ उपचार जारी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया कि जच्चा व बच्चा दोनो स्वास्थ्य है ।



## स्कूलों की समीक्षा बैठक संपन्न

**तेंदूखेड़ा-** शैक्षणिक सत्र शुरू होने से ठीक पहले जनशिक्षा केन्द्र चाँवरपाठा के समस्त स्कूलों के प्रधानपाठकों की आवश्यक बैठक उत्कृष्ट विद्यालय चाँवरपाठा मे संकुल प्राचार्य के कुशल मार्गदर्शन में रखी गई जिसमें सभी स्कूलों के प्रधानपाठकों को प्रवेश से पूर्व विभागीय कार्यकलापों को सुदृढ़ करने हेतु समीक्षा हुई। नये शैक्षणिक सत्र में संकुल की समस्त शालाओं में प्रवेश उत्सव मनाया जाना है जिसके लिए पूरी तैयारी पहले से करने के लिए निर्देशित किया गया ।इस अवसर पर जनशिक्षक ज्ञान सिंह कौरव ने बताया कि 18 जून से प्रारंभ हो रहे शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस से ही प्रत्येक विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव मनाने हेतु आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि शाला स्तर पर आयोजित स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत शाला के पूर्व विद्यार्थियों एवं जनप्रतिनिधियों को सम्मान पूर्वक आमंत्रित किया जाए तथा शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन एवं उनके अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जाए। विद्यालय की साफ-सफाई, विद्यालय भवन की सुरक्षा एवं पर्यावरण स्वस्थ रखते हुए उत्सव मनायें। इस हेतु उन्होनें आवश्यक निर्देश दिये। उन्होनें ने कहा कि निःशुल्क पाठ्य पुस्तक की व्यवस्था शाला प्रवेश उत्सव से पूर्व ही कर लेवें। उन्होनें प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्यवर्धक मध्यान्ह भोजन एवं न्यौता भोजन प्रथम दिवस से ही दिये जावे साथ ही निःशुल्क पुस्तक आदि का ऑनलाईन पोर्टल में आवश्यक रूप से प्रविष्टि किया जावे। संकुल प्राचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं हेतु जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने हेतु गंभीर कार्यवाही करते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होनें 15 वर्ष से उपर ऐसे व्यक्ति जो साक्षर नहीं हैं, को उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के माध्यम से साक्षर करने हेतु प्रयास करने को कहा । बैठक में आगामी 21 जून 2024 को होने वाले योग दिवस पर प्रत्येक बच्चे शिक्षक एवं अभिभावक की उपस्थिति को अनिवार्य करते हुए पूरे उत्साह से योग कार्यक्रम को सफल बनाने पर बल दिया।बैठक में संकुल के सभी प्रधानपाठक उपस्थित थे।

## पमरे यूनियन की चुनावी तैयारियां जारी

**करेली।**



पमरे कर्मचारी यूनियन के चुनाव होना है जिसे लेकर तैयारियां जारी है। वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के सदस्यों का करेली रेलवे स्टेशन पर आगमन हुआ जहां गर्म जोशी के साथ उन्होंने संक्षिप्त कार्यक्रम में भाग लिया ,जहा करेली रेल्वे स्टेशन प्रबंधक प्रमोद कुमार स्वामी ने वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन में विश्वास रखते हुए सदस्यता ली और मीडिया से बात करते हुए उन्होंने यूनियन की तारीफ की, जबलपुर से आए यूनियन के महामंत्री मनीषा यादव ने स्टेशन प्रबंधक श्रीस्वामी का अभिनंदन करते हुए यूनियन की उपलब्धियां और आगामी कार्ययोजना पर आपने विचार रखे,उपस्थित यूनियन के पदाधिकारियों ने फूल माला पहना कर नए सदस्य प्रमोद कुमार स्वामी का अभिनंदन किया,कार्यकम बड़ी यूनियन के सदस्यों उपस्थित रहे जहां उन्होंने गर्म जोशी के साथ नारेबाजी की और आगामी भविष्य के चुनाव की कार्य योजना पर भी चर्चा करते हुए कार्यक्रम का सफल समापन किया कार्यक्रम का आभार प्रकट करेली रेलवे स्टेशन प्रबंधक प्रमोद कुमार स्वामी ने किया।

## विश्व पर्यावरण पखवाडा के तहत नरसिंह तालाब में किया श्रमदान

**नरसिंहपुर ।**



मध्यप्रदेश शासन उच्चशिक्षा विभाग भोपाल एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के संयुक्त निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस एवं जल संरक्षण पखवाड़ा अंतर्गत कार्यक्रमों की विविध श्रृंख्ला में प्रथम चरण में एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर में संचालित एन.सी.सी. कम्पनी एवं रासेयो इकाईयों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। तत्पश्चात एन.सी.सी. कैडिट्स, रासेयो स्वयंसेवक एवं स्टॉफ मेम्बर्स द्वारा नरसिंह तालाब में किनारों पर साफ-सफाई एवं सामूहिक श्रमदान किया गया। उल्लेखनीय है कि ग्रीन कैम्पस परिकल्पना के साथ छात्र-छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया। तीन दिवसीय जनजागरूकता के विविध कार्यक्रमों की श्रृंख्ला का समापन परिचर्चा एवं पुरस्कार वितरण से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग द्वारा वैदिक परम्परा तथा प्रकृति एवं वनस्पति की उपयोगिता पर सारगर्भित उद्बोधन देते हुये पर्यावरण एवं जल संरक्षण हेतु जल नियंत्रण एवं प्रबंधन विशय पर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। परिचर्चा में वक्ता श्रीमती माधुरी पटवा सहा. प्राध्यापक द्वारा जल प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण एवं श्रीमती ऋचा पटेल सहा. प्राध्यापक द्वारा सुरक्षित मानव जीवन एवं ऊर्जा की बचत विशय पर उद्बोधन दिया गया। डॉ. दीपिका षर्मा ने पर्यावरण संरक्षण हेतु छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन सहा. प्राध्यापक द्वय श्रीमती रश्मि दुबे एवं सुश्री दीक्षा केवट एवं आभार कार्यक्रम संयोजक डॉ. पराग नेमा द्वारा किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्जवलन एवं सरस्वती पूजन से किया गया। छात्रा ऋतु वर्मा द्वारा समधुर सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम में डॉ. एस. एन. राव, श्रीमती अनीता रघुवंशी, जी. डी. ऊमरे, आलोक तिवारी, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी द्वय श्रीमती आराधना दुबे एवं अरविन्द कुशवाहा, एन.सी.सी. अधिकारी लेटि. जितेन्द्र कुमार मिश्रा सहित समस्त स्टॉफ मेम्बर्स एवं छात्र-छात्राओं की विषेश उपस्थिती रहीं। विविध कार्यक्रमों की श्रृंख्ला में सामाजिक जागरूकता को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में 13 जून से 15 जून 2024 तक जल प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु समाज के सार्थक प्रयास एवं चुनौतियाँ विशय पर निबंध प्रतियोगिता एवं पोस्टर पेंटिग प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। निबन्ध प्रतियोगिता के विजेता मानसी पटेल को प्रथम, दीक्षा कहार को द्वितीय एवं अनुजा जैन को तृतीय तथा पोस्टर पेंटिग प्रतियोगिता में रिया षर्मा को प्रथम, तनुश्री पटेल को द्वितीय तथा रीता रजक को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।



### जल गंगा संवर्धन के तहत गांव गांव चल रहा अभियान

**तेंदूखेड़ा-** मुख्यमंत्री डा मोहन यादव द्वारा 5 जून पर्यावरण दिवस से 16 जून गंगा दशहरा तक जनपद पंचायत चांवरपाठा अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में खेत तालाब कपिलधारा परकोलेशन टेंक डाइक डगपोंड चेकडेम नाला ट्रेंचिंग कुआं बावड़ी तालाब आदि का मनरेगा योजना के तहत 107.64 लाख रू. की लागत से 56 निर्माण कार्य एवं जनभागीदारी से जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। हमारे प्रतिनिधि को जनपद पंचायत चांवरपाठा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजीव गोस्वामी ने बताया कि प्राचीन बावड़ियों में ग्राम ढिलवार, चांवरपाठा, चैकी (चरगुवा), लिंगा, चिर्रिया एवं प्राकृतिक झिरना में ग्राम कोडिया, नयागांव, मेहगुवा गुनवे तालाब जीर्णोधार के तहत कोड़िया बोहानी बुंदरई छीतापार बीतली करहैया सलैया मणेश्वर कामती तथा जैतपुर मनकवारा तिगुंवा खेमरा बोहानी अजंसरा छत्तरपुर सड़ूमर मे कुआं आदि के साथ जल संचयन के तहत बोल्डर चैकडेम सामुदायिक वक्षारोपण कंटूर ट्रेंच ग्रेवियान डगपोंड खेत तालाब नंदन फलोद्यान कूप नाला स्थरीकरण परकोलेशन तालाब रेन बॉटर हार्वेस्टिंग तालाब जीर्णोद्धार बॉटर हार्वेस्टिंग के कुल 225 से अधिक कार्यों को अभियान अवधि में 16 जून तक प्राथमिकता से पूर्ण कराने में ग्राम पंचायत, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन के द्वारा कार्य किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत बिल्थारी नेनवारा ढाडिया रम्पुरा सड़ूमर घघरोलाकला मे वृक्षारोपण कार्य भी जारी है।

# रात्रि कांबिंग गस्त के दौरान 169 व्यक्तियों के विरूद्ध पर कार्रवाई

**नरसिंहपुर ।**



पुलिस अधीक्षक द्वारा देर रात्रि में किया गया थानों का औचक निरीक्षण किया गया । देर रात्रि कांबिंग गस्त के दौरान लंबे समय से फरार 23 इनामी स्थायी वारंटी अभिरक्षा में, 125 गिरफतारी वारंट तामील किये गये । गुंडे बदमाश, एवं असमाजिक गतिविधियों में लिप्त 59 निगरानी बदमाश संपत्ति संबंधी अपराधों में जेल से रिह हुए 62 आरोपियों चैक किया गया । 169 व्यक्तियों के विरूद्ध की गयी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, 26 जिला बदरध्निर्बंधन आदेश वालों को चैक किया गया है। पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश, सुधीर सक्सेना, के निर्देश पर पुलिस महानिरीक्षक, जबलपुर जोन जबलपुर अनिल कुशवाह के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक, नरसिंहपुर अमित कुमार के कुशल नेतृत्व में जिला अंतर्गत माफियांओं एवं अपराधिक तत्वों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों में पुलिस का खौफ उत्पन्न कराना एवं आम नागरिक को पुलिस की उपस्थिति का सुखद अहसास कराना है। अभियान के तहत जिला अंतर्गत नाईट काम्बिंग गस्त भी की गयी साथ ही स्थायी फरारीध्गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड के साथ. साथ जिला बदर अपराधियों की औचक चैकिंग करना इसी के साथ-साथ थानों में लंबित गंभीर अपराधों के आरोपियों की तलाश करना है, अवैध कारोबार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने हेतु असमाजिक तत्वों की धरपकड की जा रही है। पुलिस अधीक्षक, अमित कुमार द्वारा जिले के विभिन्न थानों का औचक निरीक्षण किया इस उनके द्वारा थानों के रिकार्ड, रजिस्टर एवं हवालात को चैक किया गया इसके उपरान्त क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों साथ ही चैराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर झुन्ड बनाकर खडे होने वाले व्यक्तियों से पूछाताछ कर चेतावनी दी गयी साथ ही होटल, ढाबा, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड को चैक किया गया एवं थाना प्रभारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। विगत रात्रि को जिले के विभिन्न थानों का औचक निरीक्षण किया गया इस उन्होने थाने का रिकार्ड, रजिस्टर एवं हबालात चैक किए इसके उपरान्त सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों साथ ही चैराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर झुन्ड बनाकर खडे होने वाले व्यक्तियों से पूछाताछ कर चेतावनी दी गयी साथ ही होटल, ढाबा, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड को चैक किया गया एवं थाना प्रभारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र ऐसे स्थानों को चिन्हित करे जिने स्थानों पर नकबजनी/संपत्ति संबंधी अपराधों की घटनाएं अधिक होती है तथा उन स्थानों पर निरंतर पुलिस की उपस्थिति सुनिश्चित करे साथ ही थाना प्रभारी स्वयं भी सुबह शाम उक्त चिन्हित स्थानों पर भ्रमण करे। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी निर्देश दिये गये क्षेत्र की चाय/पान की दुकानों, बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन की दुकानों पर नजर रखे एवं संदिग्ध व्यक्तियों से उनके पहचान पत्र एवं अन्य आवश्यक जानकारियां लेकर उनके फोटो लेकर पूछता करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही चिन्हित स्थानों पर स्थित दुकानों पर जाकर दुकानदारों को हिदायत दे कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को अनावश्यक रूप से दुकान पर बैठने न दे साथ ही उन्हे इस बात की हिदायत दी जावे कि बाहरी व्यक्तियों के बारे में आवश्यक रूप से पुलिस को सूचित करें। जिले में चलाये जा रहे अभियान के के तहत विगत रात्रि में 59 निगरानी वदमाश, नकबजनी के प्रकरण में 62 जेल से रिहा हुये अपराधियों एवं 26 जिला बदरध्निर्बधन आदेश वालों को चैक किया गया है। जिले में चलाये गये नाईट काम्बिंग गस्त आपरेशन के दौरान जिले के सभी थाना क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुये जिले भर में लंबे समय से फरार चल रहे 23 स्थाई वारंटी एवं 125 गिरफ्तारी वारंटों को सूचित करने में सफलता प्राप्त हुयी। अभियान के तहत विगत दिवस में अपराधिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 150 व्यक्तियों के विरूद्ध 107ध116 द.प्र.सं., 07 व्यक्तियों के विरूद्ध 151 द.प्र.सं., एवं 12 व्यक्तियों के विरूद्ध 110 द.प्र.सं. के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गयी है।